हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 10 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने की कार्यशाला आयोजित



14 वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रगीत का किया ...





## खबर संक्षेप

### कॉपर तार चोरी करने वाले सात गिरफ्तार



**भिलाई।** रसमड़ा उद्योगिक क्षेत्र से कॉपर चोरी करने वाले सात युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बीवी इंफ्राप्राइवेट लिमिटेड द्वारा इंडस्ट्रीयल एरिया में सब स्टेशन कल्याणी कंपनी में निर्माण के लिए एशियन केबल कॉपर गोदाम में रखा गया था। वहां से 100 मीटर तार करीब 6 लाख रुपए की चोरी हुई। अंजोरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान पुलगांव चौक में टाटा-एस सीजी 7 सी एक्स 5138 में तिरपाल से ढका सामान निकल रहा था। आरोपियों ने अपना नाम बंजारी पारा उतई निवासी हेमराज ढीमर बताया है। आरोपी ने घटना को अंजाम गायत्री नगर डूंडेरा केवेन्द्र पटेल, बजरंग चौक जोरा उतई किशन कुमार ठाकुर, शंकर नगर डूंडेरा रहमान लाल श्रीवास, धोबीपारा नेवई देवेंद्र निर्मलकर, ओम प्रकाश यादव,बजरंग चौक उतई निखिल कुमार साहू के साथ मिलकर करना स्वीकार किया।

### स्कूली और ट्रैवलिंग बसों की हुई जांच



**भिलाई।** ऑपरेशन सुरक्षा और स्कूली ट्रैवलिंग बसो की जांच ट्रैफिक पुलिस द्वारा किया गया। अलग-अलग टीमों का गठन कर स्कूली बसों के साथ-साथ टूर एवं ट्रैवलिंग बसों की जांच कर यात्रियों, व स्कूली बच्चों की सुरक्षा को पुख्ता किया जा रहा है। जांच के दौरान बसों में फिटनेस प्रमाणपत्र, वैद्य परमिट, फायर सेफ्टी उपकरण, फर्स्ट एड बॉक्स, ओवरलोडिंग, आपातकालीन निकास ,चालक की अनुशासनात्मक स्थिति की सावधानी पूर्वक जांच की गई। ट्रैवलिंग बसों पर विशेष ध्यान देते हुए यह सुनश्चिति किया गया। यात्रियों की लंबी दूरी की यात्रा के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है। जिन वाहनों में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया गया। कुल 35 बसों पर चालानी कार्रवाई कर 90 हजार रुपए संकलन किया गया। एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि यह जांच आगे भी जारी रहेगी।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या

**भिलाई।** रंजिश और आपसी लेनेदेन के चलते विवाहित की हत्या करने वाले दस युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि शीतला नगर दुर्ग निवासी शुक्रवार रात वेदुरवाडा संतोष आचारी नामक व्यक्ति को रुपए के लेनदेन और पुरानी रंजिश के चलते आठ युवकों ने मिलकर हत्या कर दी। आरोपियों ने पहले गैस कटर से मकान का दरवाजा काटा उसके बाद संतोष को बाहर निकाला। उसके बाद संतोष के कपड़े उतारकर सड़क पर नंगा घुमाया और बुरी तरह पीटा। संतोष को सदर बाजार ले जाकर धारदार हथियार और पत्थर मारकर हत्या कर आरोपी फरार हो गए। संतोष को रात 3 बजे दुर्ग जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। 7 नवंबर की दोपहर 1.30 बजे गांधी चौक के पास प्रथम सोनी खड़ा था। तभी संतोष आया और उसे गाली देने लगा। प्रथम ने विरोध किया तो संतोष ने जान से मारने की धमकी देते हुए उसे थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद शाम को फिर विवाद हो गया।



# गोदना हस्तशिल्प प्रशिक्षण से महिलाएं बनेंगी स्वावलंबी

**चिरपोटी में महिलाओं के लिए तीन माह का गोदना हस्तशिल्प प्रशिक्षण शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर/अंडा



ग्राम पंचायत चिरपोटी दुर्ग ग्रामीण विधान सभा में छ. ग. शासन हस्त शिल्प विकास बोर्ड के तत्वधान में महिलाओं को तीन माह की गोदना हस्त शिल्प प्रशिक्षण का उदघाटन किया गया। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी थे अध्यक्षता सरपंच पूजा चंद्राकर ने किया। विशेष अतिथि पूर्व सरपंच घना राम साहू, हस्त शिल्प विकास बोर्ड के नीतीश तराने, पूर्व सरपंच महेश्वरी चंद्राकर, हस्त शिल्प विकास बोर्ड गोदना आर्ट के प्रशिक्षिका दिलबसिया पावले, ऋषि अगरिया, समाज सेवक प्रहलाद चंद्राकर, रोजगार सहायक चंद्रभूषण कोसरे थे। मंडावी ने बताया कि छ. ग. हस्त शिल्प विकास बोर्ड के प्रबंधक सी.एस. केहरी के मार्ग दर्शन में महिलाओं को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए गोदना आर्ट प्रशिक्षण तीन माह तक दिया जाएगा एवं प्रशिक्षण के दौरान मानदेय के रूप में प्रति दिन पचास की दर से दिया जाएगा और साथ में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा, हस्त शिल्प का अर्थ होता है वे वस्तुएं जो मुख्य रूप से हाथ से या साधारण औजारों का उपयोग करके बनाई जाती है। जिसमें सौंदर्य परक, कलात्मक या सांस्कृतिक महत्व होता हैं। इस अवसर पर भावना साहू, निरुपमा चौहान, हर्षा साहू, उर्वशी कोसरे, दीप्ति साहू, अर्चना जोशी, राखी साहू गोमती साहू सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : सामूहिक विवाह आयोजन की मुख्यमंत्री ने की सराहना**

# शिक्षा समाज और राष्ट्र की उन्नति का मुख्य आधार: मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कोसरिया मरार समाज के कार्यों की सराहना
- युवक–युवती परिचय माला पुस्तिका का विमोचन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज एवं राष्ट्र के उन्नति का मुख्य आधार है। इसलिए हम सभी को हमारी आने वाली पीढ़ी को उच्च शिक्षित एवं ज्ञानवान बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

मुख्यमंत्री साय जिले के डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम संबलपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कोसरिया मरार समाज द्वारा आयोजित युवा युवती परिचय सम्मेलन एवं शाकंभरी महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। साय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर साय ने कोसरिया मरार समाज को धरती माता की सेवा करने वाले मेहनतकश समाज बताते हुए कोसरिया मरार समाज के कार्यों की भूरी–भूरी सराहना की।

समारोह में मुख्यमंत्री साय ने कोसरिया मरार समाज के मांग पर कोसरिया मरार समाज के प्रदेश स्तरीय कार्यालय भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने तथा राज्य शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष पद पर शीघ्र नियुक्ति करने के अलावा आज समाज के द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी मांगो पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम स्थल में पहुंचने के पश्चात मुख्यमंत्री श्री साय सर्वप्रथम शाकंभरी माता, भगवान श्री रामचंद्र एवं सीता मैया और महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले के तैलचित्र पर माल्यार्पण भी किया। समारोह में ▶▶|शेष पेज 13 पर







### राज्य एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान

साय ने कहा कि शिक्षा न केवल शासकीय सेवा प्राप्त करने के लिए वरन जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने का सबसे बड़ा माध्यम होता है। इसके अलावा उन्होंने नशापान को समाज की अवनति का मुख्य कारण बताते हुए समाज के लोगों को नशापान से सर्वथा दूर रहने की अपील की। साय ने सभी समाजों के प्रगति को छत्तीसगढ़ राज्य एवं देश का प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि मरार समाज के प्रगति पर ही छत्तीसगढ़ राज्य की प्रगति निहित है। इस अवसर पर उन्होंने आशा व्यक्त किया कि आज के इस आयोजन से निश्चित रूप से कोसरिया मरार समाज को मजबूती मिलने के अलावा उसके प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त होगा। साय ने कहा कि मरार समाज खेती, किसानी एवं शाक–सब्जी के उत्पादन के माध्यम से समाज के सभी वर्गों की सेवा करने के अलावा राज्य एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

# जिपं सीईओ ने नारागांव पंचायत का किया निरीक्षण



गुरूर। सीईओ जिला पंचायत सुनील चन्द्रवंशी के द्वारा गुरूर जनपद के ग्राम पंचायत नारागांव का निरीक्षण किया गया। गांवों के गलियों में बहते घरों के पानी के लिए सोखपिट के साथ उचित व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिये, ग्राम पंचायत में स्थित प्रसिद्ध सियादेवी मंदिर परिसर का अवलोकन किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुनील चन्द्रवंशी ने परिसर में फैले गंदगी, प्लास्टिक बॉटल के निपटारन एवं परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने साथ ही आस पास स्थित दुकानों को व्यवस्थित तरीके से संचालन करने हेतु निर्देशित किए। मंदिर परिसर में स्थित वॉटरफॉल और चेकडेम का निरीक्षण किया गया। गांव और मंदिर परिसर को बेहतर और व्यवस्थित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। गांव के आँगनबड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। केंद्र में रखे गये खाद्य सामग्री के वितरण के संबंध में जानकारी लिये। गांव में स्थित सियादेवी जलाशय का भी अवलोकन कर पर्यटन को बढ़ावा देने के दिशा में कार्य करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। कार्यपालन अभियंता आरईएस, सीईओ जनपद पंचायत, एसडीओ, सब इंजीनियर, सरपंच, उपसरपंच, सचिव और रोजगार सहायक उपस्थित थे।

# युवक की पत्नी समेत पिटाई दो आरोपियों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- घर जाने की सलाह देना पड़ा भारी, नाराज साथियों ने युवक, पत्नी और बेटे को पीटा

ग्राम के चौक में बैंठे व्यक्ति को घर जाने के लिए कहना युवक को भारी पड़ गया, व्यक्ति के साथी इस बात से इतने नाराज हुए की दो लोगों ने युवक व उसके साथ युवक को बचाने आए उसकी पत्नी व बच्चे की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित महिला ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम पलारी निवासी मालती बाई साहू ने पुलिस को बताया कि 03 नवंबर को रात्रि करीबन 08.45 बजे मेरे पति डिवेन्द्र कुमार साहू हार्वेस्टर ठेकेदारी काम से वापस आ रहे थे, ग्राम पलारी इंदिरा चौक आंगनबाड़ी के पास ग्राम के कुछ लोग बैठे थे, उसमें रामचंद्र साहू को मेरे पति बोले कि आपका नाम भगवान रामचंद्र के नाम पर है, आप यहां पर क्यों बैठे हो, घर जाओ बोलने पर रामचंद्र अपने घर चला गया, इसी बात को लेकर ग्राम के उत्तम यादव व झनक साहू आक्रोश में आकर मेरे पति डिवेन्द्र कुमार साहू को रामचंद्र को घर क्यों भेज दिये हो बोलकर दोनों कॉलर पकड़ कर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किये हैं, जिसे देखकर मैं और मेरा बेटा जितेश साहू द्वारा बीच बचाव करने पर हम लोगों को भी उत्तम यादव व झनक साहू धक्का मुक्की किये हैं, जिससे मेरे लड़के का कपड़ा फट गया, मारपीट करने से मेरे पति डिवेन्द्र कुमार साहू के होंठ, दाहिना आंख के नीचे, नाक व सिर में चोट खरोच आया है।

# प्रतिबंध के बावजूद शहर में पालीथिन का खुलेआम उपयोग, पर्यावरण के लिए खतरा, पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- दल्लीराजहरा शहर में पॉलिथीन का धड़ल्ले से उपयोग

राज्य सरकार द्वारा पॉलिथीन के उपयोग पर लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद दल्लीराजहरा शहर में इसका खुलेआम उपयोग लगातार जारी है। शहर के किराना दुकानों, जनरल स्टोर्स, सब्जी विक्रेताओं और होटलों में पॉलिथीन बैग का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि नालियों के जाम होने और गंदगी फैलने की समस्या भी बढ़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि दल्लीराजहरा शहर में हर दुकान पर सामान पॉलिथीन में ही दिया जा रहा है। जबकि शासन-प्रशासन द्वारा इसके उपयोग पर स्पष्ट रूप से रोक लगाई गई है। कई दुकानदार अब भी पुराने स्टॉक का हवाला ▶▶|शेष पेज 13 पर



### संक्रामक बीमारियों का खतरा

विशेषज्ञों का कहना है कि पॉलिथीन अपघटित न होने के कारण मिट्टी की उर्वरता को कम कर देता है और जल स्रोतों को भी प्रदूषित करता है। नालियों में फंसी पॉलिथीन से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने कहा कि पॉलिथीन के उपयोग पर शासन का स्पष्ट प्रतिबंध है। यदि दुकानदारों द्वारा इसका उल्लंघन किया जा रहा है, तो उनकी दुकानों पर जांच की जाएगी और नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें और वैकल्पिक थैलों का उपयोग करें।

**सरकारी सब्सिडी वाले सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग जारी**

# होटलों में धड़ल्ले से घरेलू गैस का उपयोग कार्रवाई ठप, नियमों की उड़ रहीं धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर के विभिन्न छोटे-बड़े होटलों में इन दिनों घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का खुला उपयोग किया जा रहा है। यह वही सिलेंडर हैं जो सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सब्सिडी दर पर उपलब्ध कराए जाते हैं। नियमों के मुताबिक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को कमर्शियल गैस सिलेंडर का ही उपयोग करना चाहिए, परंतु संबंधित विभाग की कार्रवाई ठप होने से होटल संचालक बेखौफ होकर घरेलू गैस का दुरुपयोग कर रहे हैं। दल्लीराजहरा शहर में घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग लगातार बढ़ रहा है।

### विभाग की चुप्पी

शहरवासियों का कहना है कि संबंधित विभाग की नियमित निगरानी और कार्रवाई न होने के कारण यह प्रवृत्ति दोबारा बढ़ गई है। होटल संचालक खुलेआम घरेलू सिलेंडरों से खाना बना रहे हैं, जिससे न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है। बल्कि सुरक्षा का भी गंभीर खतरा बना हुआ है।



### पहले हुई थी सख्त कार्रवाई

*जानकारी के अनुसार, कुछ माह पूर्व जिला खाद विभाग की टीम ने दल्लीराजहरा शहर के कई होटलों में छापामार कार्रवाई की थी। उस दौरान बड़ी संख्या में घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए थे और संचालकों को चेतावनी भी दी गई थी। कार्रवाई के बाद कुछ सप्ताह तक होटलों में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का उपयोग शुरू हुआ, परंतु अब एक बार फिर पुरानी स्थिति लौट आई है।*

### लगातार हो रही नियमों का उल्लंघन

विशेषज्ञों के अनुसार घरेलू सिलेंडर सीमित उपयोग के लिए बने होते हैं। इन्हें व्यावसायिक उपयोग में लाना गैस रिसाव और विस्फोट जैसी दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ाता है। इसके बावजूद दल्लीराजहरा शहर में इस पर रोकथाम के कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं।

### नागरिकों की मांग-फिर से सख्त कार्रवाई हो

स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने जिला खाद विभाग से त्वरित कार्रवाई की मांग की है ताकि नियमों का पालन हो सके और घरेलू गैस का दुरुपयोग बंद किया जा सके।

### जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर का कहना है

इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि विभाग को मामले की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि जल्द ही जांच दल गठित कर दल्लीराजहरा क्षेत्र के होटलों का निरीक्षण किया जाएगा। यदि किसी होटल में घरेलू सिलेंडर का उपयोग पाया जाता है, तो संबंधित संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# छग महतारी की प्रतिमा व शिवलिंग की विधिवत की प्राण प्रतिष्ठा



**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर ग्राम हीरापुर में शनिवार को छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा और शिवलिंग स्थापना और प्राण–प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम सर्व छत्तीसगढ़िया समाज हीरापुर के द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना का विशेष सहयोग रहा। स्थापना के बाद विधिवत पूजन–अर्चन और प्राण–प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर ग्राम में स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के पास पहुंचकर ग्रामीणो के साथ समिति के सदस्य महिला, पुरूष बच्चो द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में माल्यार्पण व पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना गांव हीरापुर अध्यक्ष केशव निषाद, उपाध्यक्ष ▶▶|शेष पेज 13 पर

# 1.54 करोड़ के घोटाले के बाद रि-टेंडर, 6 माह में काम होना था पूरा, लेकिन दो साल बाद भी अधूरा, कॉलेज को वेटनरी काउंसिल से नहीं मिल पाई मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई


कामधेनु में भवन निर्माण घोटाला, बिल में डेढ़ करोड़ की अफरा-तफरी
हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई
ईई और एसई की रिपोर्ट, गड़बड़ी

प्रकाशित खबर 8 नवंबर 2025

कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिलासपुर वेटनरी कॉलेज कैम्पस में बॉयस हॉस्टल, ऑडिटोरियम, गर्ल्स हॉस्टल, टीवीसीसी बिल्डिंग और एफ, जी, एच टाइप के आवासों के निर्माण के दौरान 1.54 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आने के बाद भी कहीं कोई कार्रवाई पिछले तीन साल में नहीं हुई है। खास बात यह है कि 2017 में 15.42 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत यह काम 8 साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। गौरी कंस्ट्रक्शन और अशोक केजरीवाल कार्य एजेंसी के भागने के बाद करीब 2 साल पहले अधूरे कामों का करीब 5.25 करोड़ में रि-टेंडर किया गया। इसके बाद गर्ल्स हॉस्टल, टीवीसीसी बिल्डिंग और एफ, जी, एच टाइप के आवासों के निर्माण का काम सारासार एसोसिएट्स को 3.25 करोड़ में दिया गया। वहीं बॉयस हॉस्टल, ऑडिटोरियएम का काम 2 करोड़ में एके सिंह को दिया गया। 6 महीने में इन कामों को पूरा किया जाना था, जो दो साल बाद भी अधूरा है। करीब 35 प्रतिशत काम अब तक नहीं हो पाया है। बॉयस और गर्ल्स हॉस्टल के अलावा आवासों का काम पूरा कर लिया गया है, लेकिन टीवीसीसी बिल्डिंग और ऑडिटोरियम का काम अधूरा है। बता दें कि के काम अब भी उपअभियंता (परिवीक्षा) उल्लास अरविंद देशमुख की देखरेख में जारी है। जबकि 1.54 करोड़ रुपए के घोटाले के मामले में ईई और चीफ इंजीयरिंग की रिपोर्ट में उन्हें आर्थिक अनियमितता का दोषी माना गया है। घोटाले की वजह से कामधेनु यूनिवर्सिटी को बिलासपुर वेटनरी कॉलेज की मान्यता अब तक नहीं मिल पाई है। नवंबर 2024 और अक्टूबर 2025 में वेटनरी कॉउंसिल ऑफ इंडिया की टीम दो बार कॉलेज कैम्पस का दौरा भी कर चुकी है, लेकिन कार्यों में अनियमितता और अधूरे निर्माण की वजह से अब तक नहीं मान्यता नहीं

### अनियमितता का दोषी पाए जाने के बाद भी बड़ी जिम्मेदारी, शिकायतों का असर नहीं

अरविंद उल्सास देशमुख पर पहले भी अनियमितता के आरोप लगे हैं। बिलासपुर कॉलेज में निर्माण कार्यों में अनियमितता के मामले में वे दोषी सिद्ध किए जा चुके हैं। बावजूद इसके कामधेनु यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा अब तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं की है। उल्टा उन्हें उसी प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दोबारा दी गई है। इतना नहीं उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में भी जांच चल रही है। कुलसचिव ने मई 2025 में डॉ. एसपी इंगोले, प्राध्यापक डॉ. एसएल अली, वित्त अधिकारी ममता अवस्थी के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई थी। इतना ही नहीं 2017 करीब 29 करोड़ के कामों की गड़बड़ी में भी उनका नाम सामने आया था, जिसमें टेंडर की पूरी प्रक्रिया ड्रॉप बॉक्स में की गई थी। ड्रॉ निकालकर ठेकेदारों को काम बांटे गए थे। इस मामले में तत्कालीन डीन.डॉ. एसपी तिवारी ने जांच कर अरविंद देशमुख समेत, कुलपति डॉ. यूके मिश्रा, तत्कालीन ईई संतोष अग्रवाल, प्रभारी ईई पीसी शर्मा को दोषी बताया था। इस मामले में भी लीपापोती हुई। वर्तमान में इसमें के कई जिम्मेदार सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वर्तमान देशमुख को कई अन्य कार्यों का प्रभार दिया गया है।

### नई कमेटी का गठन कर पूरे मामले की लीपापोती

1.54 करोड़ के घोटाले के मामले में मुख्य अभियंता और कार्यपालन अभियंता स्तर पर जांच कराई जा चुकी है। दोनों ही मामलों में अरविंद देशमुख दोषी ठहराए जा चुके हैं। बावजूद इसके एक नई कमेटी का गठन किया गया, जो अब सारे तथ्यों का दोबारा से जांच करेगी। बता दें कि सिविल सेवा अधिनियम के अंतर्गत आरोपी कर्मचारी को निलंबित किया जाना है, उन्हें जांच की की प्रक्रिया से दूर रखा जाना है। पर्यवीक्षा कर्मी की सेवा समाप्त की जानी है, लेकिन अब तक ऐसा कुछ भी नहीं किया गया है। इधर आर्थिक अनियमितता के इस संवेदनशील मामले में अब तक दोषी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वर्तमान में उन्हें अधूरे कामों को पूरा कराने की जिम्मेदारी दी गई है। इस कार्य में भी लापरवाही सामने आ चुकी है। दो साल बाद भी काम अधूरा है, इसकी वजह से बिलासपुर वेटरनरी कॉलेज को मान्यता ही नहीं मिल पा रही है। मान्यता का मामला भी पिछले करीब दो सालों से अटका हुआ है।

### मैं इस मामले में कुछ नहीं कहना चाहता



देखिए मामले में अलग-अलग स्तर पर जांच हो रही है। पुरानी रिपोर्ट के बाद नए सिरे से जांच हो रही है। मैं इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहता। **-उल्लास अरविंद देशमुख,** सहायत अभियंता कामधेनु यूनिवर्सिटी अंजोरा

## खबर संक्षेप



### जिला अस्पताल के मातृत्व शिशु वार्ड में बेड व डॉक्टरों की कमी

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय के मातृत्व शिशु विभाग में बढ़ते प्रसूति मामलों के बीच अब बेड और गायनिक डॉक्टरों की कमी गंभीर समस्या बन गई है। सौ बिस्तर वाले इस विभाग में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे कई बार प्रसूता महिलाओं को रेफर करना पड़ रहा है। वर्तमान में विभाग में चार गायनिक डॉक्टर कार्यरत हैं, जिनमें से एक डॉक्टर अगले महीने सेवानिवृत्त हो रही हैं। डॉक्टरों की संख्या घटने से मरीजों को दी जाने वाली सेवा पर असर पड़ सकता है। अस्पताल के चिकित्सकों का कहना है कि निर्धारित बेड से अधिक प्रसूताएं भर्ती होती हैं, जिसके कारण रेफरल बढ़ रहे हैं, खासकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति को देखते हुए जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर और मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की है। कलेक्टर ने ज्ञापन पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है।

### स्टूडेंट्स ने जाना टमाटर और गोभी की नर्सरी लगाना



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा दुर्ग के बीएससी कृषि अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण उद्यमिता विकास योजना कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं एवं किसानों के समक्ष मृदा परिक्षण एवं टमाटर और गोभी का नर्सरी बनाने की विधि का प्रदर्शन आदर्श ग्राम कोरिया में उन्नत सील किसान नविन चंद्राकर के घर में किया। मृदा परीक्षण की जानकारी किसानों को किट के माध्यम से दी गई। वहीं विद्यार्थियों द्वारा किसानों की शंका का समाधान भी किया गया। पूर्वा, दिव्या, नीरज, श्याम, दोजेश, नीरज द्वारा मृदा परीक्षण की जानकारी दी गई। टमाटर एवं गोभी की नर्सरी का विधि प्रदर्शन अनन्या, नारायणी, सुजीत, प्रदीप, धनंजय ने किया। इस कार्यक्रम में रावे समन्वयक विवेक पांडेय, प्रदीप कुमार साहू, ट्विंकल सिन्हा के आलावा गांव के किसान गुलाब चंद्राकर, रामेश्वर चंद्राकर, रेख राज चंद्राकर, रोहित साहू, धर्मेंदर साहू, लखन निषाद, रेख बाई निषाद, पुकरेश्वर प्रसाद उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय मेगा शिविर 14 नवम्बर को

**दुर्ग।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारत के 100 जिलों में दावा रहित जमा राशियों हेतु जिला स्तरीय मेगा शिविर 14 नवंबर को नगर निगम भिलाई में स्थित सभागार कक्ष क्रमांक 2 में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य में दुर्ग जिले को चयनित किया गया है। अग्रणी बैंक प्रबंधक से मिली जानकारी अनुसार दुर्ग जिले में कुल 1,72,174 खातों में कुल राशि 65.59 करोड़ है । इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक दावा रहित जमा राशि को उनके सही दावेदारों को प्रदान किये जाएंगे।

## पार्कों में अव्यवस्था : कुम्हारी का मां महामाया उद्यान बन गया जंगल

# 1.27 करोड़ का पार्क तीन साल में हो गया उजाड़, हर तरफ सिर्फ झाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिका परिषद कुम्हारी के अंतर्गत आने वाले छोटे-बड़े गार्डन में रखरखाव की स्थिति चिंताजनक है। सबसे बड़ा उदाहरण महामाया मंदिर रोड स्थित पुष्पवाटिका मां महामाया उद्यान है। यहां साफ सफाई का काफी अभाव है। वहीं बड़े तरिया पार्क को ठेके में दे दिया गया है। इसलिए वहां साफ सफाई की व्यवस्था मां महामाया उद्श्यान से बेहतर है।

नगर पालिका हर साल उद्यानों की सफाई और रखरखाव के नाम पर लाखों रुपए खर्च दिखाती है, लेकिन हकीकत इसके उलट है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाईकर्मी महीनों से नजर नहीं आते। कई बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचते। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जो उद्यान कभी लोगों का पसंदीदा स्थान था, अब बच्चों को यहां लाना भी मुश्किल हो गया है। प्रशासन सिर्फ बोर्ड लगाने तक सीमित है। बड़ा तरिया उद्यान साबित कर रहा है कि अगर रखरखाव ईमानदारी से हो, तो कोई भी परियोजना जनता की पसंद बन सकती है। यह कुम्हारी के लिए न सिर्फ एक मनोरंजन स्थल है, बल्कि स्वच्छता और प्रबंधन का सफल मॉडल भी।

### करोड़ों से बना उद्यान अब लापरवाही का शिकार, सफाई के नाम पर खानापूर्ति



### मां महामाया उद्यान बना उपेक्षा का प्रतीक

नगर पालिका परिषद कुम्हारी का सबसे बड़ा पार्क मां महामाया उद्यान आज अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रहा है। 19 मार्च 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसका लोकार्पण किया था। 1 करोड़ 27 लाख 73 हजार रुपए की लागत से बने इस गार्डन को शहर की पहचान कहा गया था, लेकिन तीन साल के भीतर ही यह उपेक्षा और लापरवाही का प्रतीक बन चुका है।

### सैरगाह से जंगल तक की कहानी

कभी यह जगह लोगों की शाम की सैर और बच्चों के खेलने का केंद्र हुआ करती थी। आज वही उद्यान जंगल में बदल चुका है। बड़े-बड़े झाड़-झंखाड़ हर ओर फैले हैं। घास की जगह अब जंगली पौधों ने कब्जा कर लिया है, जो लंबे समय से सफाई न होने का सबूत हैं। यह जंगल एक दिन में नहीं उगा।

### निरीक्षण कर साफ-सफाई की जाएगी

महामाया उद्यान की साफ सफाई शुरू कर दी गई है। वार्डों में बने दूसरे गार्डनों का निरीक्षण कर साफ सफाई की जाएगी, जिससे आम जनता को कोई परेशानी न हो। **-मीना वर्मा,** अध्यक्ष नगर पालिका कुम्हारी

### साफ-सफाई का जिम्मा ठेकेदार को

नगर पालिका द्वारा महामाया उद्यान की साफ सफाई समय-समय पर की जाती है। वार्डों में बने गार्डन का वहां के समितियों द्वारा देखरेख की जाती है। जरूरत पड़ने पर पालिका के सफाई कर्मियों को वहां भेजा जाता है। बड़े तरिया उद्यान को ठेके में दिया गया है, वहां के साफ सफाई का जिम्मा ठेकेदार की है। **-नेतराम चन्द्राकर,** सीएमओ, कुम्हारी

### बड़ा तरिया उद्यान बना आकर्षण का केंद्र

कुम्हारी का बड़ा तरिया उद्यान अब शहर की पहचान बन चुका है। जून 2023 में कुम्हारीवासियों को कुल 174 करोड़ 45 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात मिली थी। उसी दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 26 करोड़ रुपए की लागत से तैयार बड़े तरिया परिसर और आसपास के सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया था। लगभग 18 एकड़ में फैला यह उद्यान आधुनिक सुविधाओं से लैस है। यहां आने वाले लोगों के लिए म्यूजिकल फाउंटेन, ग्रीन वॉकिंग टनल, फूड स्टॉल, और टॉय ट्रेन जैसी आकर्षक व्यवस्थाएं हैं। परिवारों के लिए यह जगह अब शाम की सैर और मनोरंजन का सबसे लोकप्रिय ठिकाना बन चुकी है। बड़ा तरिया उद्यान को नगर पालिका ने ठेके पर संचालन के लिए दिया है। यही कारण है कि यहां की सफाई और रखरखाव व्यवस्था मां महामाया उद्यान की तुलना में कहीं अधिक बेहतर है। यहां आने वालों से प्रवेश शुल्क लिया जाता है, जिसके बदले उन्हें साफ-सुथरा और सुरक्षित वातावरण मिलता है। शाम होते ही यहां परिवारों की भीड़ उमड़ने लगती है। यह जगह अब कुम्हारी का छोटा टूरिस्ट स्पॉट बन चुकी है।

## किसानों को बिना जुताई गेंहू बोने और जीरो टिलेज सीड ड्रिल पद्धति से खेती करने की सलाह



**दुर्ग।** कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को बिना जुताई गेहूं बोने की विधि, जीरो टिलेज सीड ड्रिल पद्धति अपनाने हेतु सलाह दी गई है। उन्होंने अवगत कराया है कि पिछली फसल (जैसे धान) की कटाई के बाद खेत में जुताई न करें। खेत में कम से कम 30-40 प्रतिशत अवशेष रहने दें। जीरो टिलेज सीड ड्रिल मशीन का उपयोग करें, जो बिना जुताई के सीधे खेत में बीज और उर्वरक बोती है। बुवाई के समय खेत में पर्याप्त नमी होनी चाहिए। बहुत अधिक सूखा या बहुत अधिक गीले खेत में बुवाई से बचें। बुवाई शुरू करने से पहले, सुनिश्चित करें कि मशीन को सही ढंग से समायोजित किया गया है, ताकि बीज और खाद उचित मात्रा और गहराई में गिरें। गेहूं के लिए 3-4 सेंटीमीटर की गहराई ठीक होती है। धान की कटाई के बाद डंठल (नरई) 15-20 सेंटीमीटर से अधिक नहीं होने चाहिए, ताकि मशीन आसानी से चल सके। मशीन को खेत में चलाएं। यह एक पतली लाइन में बीज और उर्वरक बोएगी, जिससे खेत की मिट्टी फटेगी नहीं और बीज सही जगह पर जाएगा।

### जीरो टिलेज विधि के फायदे

जुताई और खेत तैयार करने का खर्च और समय बचता है। बीज और उर्वरक सही गहराई में गिरते हैं, जिससे अंकुरण बेहतर होता है। मिट्टी की नमी बनी रहती है, जिससे सिंचाई की आवश्यकता कम हो जाती है। इस विधि के अध्ययनों के अनुसार, पैदावार 10 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। पिछली फसल के अवशेष खेत में ही सड़कर मिट्टी को उपजाऊ बनाते हैं।

### कामधेनु विवि में वंदेमातरम कार्यक्रम आयोजित

**दुर्ग।** वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ पर दूरदर्शन के माध्यम से प्रधानमंत्री के संबोधन पश्चात दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विष्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, उपकुलसचि अधिष्ठाता मात्स्की महाविद्यालय कवर्धा प्राध्यापक डॉ. एमके गेंदले, निदेशक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जीके दत्ता, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मंजूरॉय, निदेशक शिक्षण डॉ.एसपॉल, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी, प्राध्यापक एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में वंदेमातरम गीत का गायन किया गया।

## दुर्ग से हरिद्वार के लिए चली स्पेशल ट्रेन, जताया आभार

**भिलाई।** दुर्ग से हरिद्वार के लिए नई ट्रेन का संचालन शुरू होने से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी का आभार जताया है।

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री अजय भसीन, चैंबर के अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा के नेतृत्व में रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य सुनील मिश्रा, शंकर सचदेव सहित उनकी पूरी टीम ने दुर्ग से हरिद्वार के लिए नई ट्रेन के संचालन के लिए स्वागत किया। दुर्ग से हरिद्वार की नई ट्रेन रविवार कोदुर्ग से सुबह 11 बजे से चलकर हरिद्वार राम 2:05 बजे पहुंचेगी और सोमवार को रात 9 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 30 बजे दुर्ग पहुंचेगी। यह ट्रेन रायपुर, बिलासपुर, कटनी, झांसी, आगरा, निजामुद्दरादून, ऋषिकेश होते हुए हरिद्वार पहुंचेगी। सुनील मिश्रा ने बताया कि चैंबर ने दुर्ग से लखनऊ एवं दुर्ग से गया और दुर्ग से रीवा के लिए नई ट्रेन का प्रस्ताव रेलवे को भेजा है। दुर्ग नौतनवा और अन्य गाड़ियों का स्टॉपेज भिलाई पावर हाउस स्टेशन में रखने की मांग की है। इस दौरान चैंबर ऑफ कॉमर्स से शिवराज शर्मा, पवन जिंदल, एकराज ओसवाल, भूषण लक्खा, जितेंद्र उत्पल, विनय सिंह, प्रेम रतन गहलोत, चिन्ना राव, रितेश अग्रवाल, मनोहर कृष्णानी, अनिल अग्रवाल, हरीश शर्मा उपस्थित थे।



**विद्युतकर्मियों ने किया राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गानः** :दुर्ग
राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय में सामूहिक गान का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना से अमर शहीदों को नमन किया।

## आर्य समाज सेक्टर-6 भिलाई से शुरू हुआ सैल्यूट तिरंगा का संकल्प

**भिलाई।** तिरंगा संगठन द्वारा वंदे मातरम के 150 वर्ष के उपलक्ष्य में सामूहिक वंदे मातरम गान का शुभारंभ आर्य समाज विद्यालय सेक्टर 6 भिलाई से किया गया। यह आयोजन सेल्यूट तिरंगा, आर्य समाज तथा गीत वितान संगठन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा के आह्वान तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई के तत्वावधान में प्रदेशभर में 30 दिनों तक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में देशभक्ति का जन-जागरण चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य हर कण में राष्ट्रगान, हर मन में वंदे मातरम की ध्वनि है। वंदे मातरम स्मृति पोस्टर का विमोचन भी किया गया, जिसमें महान कवि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय का चित्र अंकित है।

पोस्टर विमोचन समारोह आर्य समाज सेक्टर 6 के सभागार में हुआ।




इस दौरान मंच पर डॉ. अजय आर्य, मनोज ठाकुर महासचिव, भानुजी राव, प्रशांत शिवसागर, मिथुन दास गीत, हेमंत सगदेव, नीलिमा सगदेव सहित अनेक विशिष्टजन उपस्थित थे। डॉ. अजय आर्य का ने कहा कि वंदे मातरम केवल गीत नहीं, यह भारतीय आत्मा की स्पंदन है। जब कोई बालक इसे गाता है, तब वह अपनी जड़ों से जुड़ता है। जब कोई शिक्षक इसे सुनाता है, तब वह संस्कृति का पाठ पढ़ाता है। आज आवश्यकता है कि हम राष्ट्रभक्ति को कार्यक्रम नहीं, जीवन का संस्कार बनाएं। जिस दिन हर विद्यालय के आंगन में वंदे मातरम की गूंज स्थायी रूप से बस जाएगी, उस दिन भारत के युवाओं में स्वाभिमान की नई चेतना जाग उठेगी। इस अभियान की पहली कड़ी के रूप में 7 नवम्बर को प्रातः 11:30 बजे आर्य समाज विद्यालय में सामूहिक गान की गई।

## वंदे मातरम की वर्षगांठ एवं एनसीसी रैंक सेरेमनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वी वर्षगांठ एवं एनसीसी रैंक सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन एयर फोर्स एवं वर्तमान सैनिक कल्याण अधिकारी प्रवीण दोबले व स्मिता दोबले थे । साथ ही जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीन चंद्र तिवारी, समिति के सदस्य वीरेंद्र शुक्ला, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा, महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ डीएन सूर्यवंशी, आरसीएस विधि महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश अग्रवाल, सेठ बद्रीलाल खंडेलवाल शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उमकान्ति सिंह, नैशनल स्कूल के प्राचार्य सुरेन्द्र राजपूत एवं विभिन्न विद्यालयों के एएनओ भी उपस्थित थे। स्वागत भाषण डॉ. पूजा मल्होत्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

- सुराना कॉलेज में एनसीसी रैंक सेरेमनी



जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीण चंद तिवारी जी ने कहा कि एनसीसी जीवन शैली का महत्वपूर्ण अंग है यह हमें एकता एवं अनुशासन सिखाता है और अपनी मातृभूमि के प्रति अपनीकर्तव्य को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है। मुख्य अतिथि प्रवीण दोबले ने कहा कि वर्तमान मे 17 लाख एनसीसी कैडेट रजिस्टर्ड है एवं आगामी वर्षो में इसे 20 लाख तक पहुंचाने की योजनाएं बनाई जा रही है । तत्पश्चात एनसीसी के कैडेट को रैंक प्रदान किया गया जिसमें एसयूओ जेयूओ, सार्जेंट, एलसीपीएलएसीपीएल आदि रैंक कैडेटों को दिए गए। रैंक होल्डर को शपथ दिलाई गई । वंदे मातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में कैडेटों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आभार प्रदर्शन आदर्श कन्या विद्यालय की एएनओ ममता ध्रुव ने किया।

## पुलिस की गुणवत्ता में सुधार लाने अनुभव क्यूआर लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

पुलिस ने आम नागरिकों की सुविधा और पुलिसिंग सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए नई पहल अनुभव की शुरुआत की है। अभिनव पहल का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच पारदर्शिता, विश्वास, संवाद, सशक्त बनाना है। पुलिस कार्यालय बालोद में पहल के अन्तर्गत क्यू आर कोड लॉन्च किया गया। आईजी राम गोपाल गर्ग के द्वारा एसपी बालोद के सभागार कक्ष से शुरू की गई। व्यवस्था के तहत अब दुर्ग रेंज के सभी थाना व चौकियों में आने वाले नागरिक अपने अनुभव साझा कर पाएगें। प्रत्येक थाना, चौकी में एक क्यूआर कोड उपलब्ध कराया जाएगा। जिसे स्कैन कर नागरिक ऑनलाइन फीडबैक फॉर्म भर सकेंगे।



### जनता दे पाएगी पुलिस को अपना फीडबैक

जनता के अनुभव ही हमारी पुलिसिंग का वास्तविक आईना हैं। अनुभव पहल से हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि जनता हमारी सेवाओं से कितनी संतुष्ट है। किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। हमारा लक्ष्य है पारदर्शी, संवेदनशील पुलिसिंग को और सशक्त बनाना है। आईजी ने अपील की कि जनहित की भावना से सभी अपना फीडबैक और क्यू आर कोड माध्यम से दें।

## खबर संक्षेप

### कुम्हारी में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**कुम्हारी।** कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य शुरू हो गया है। यहां प्रत्येक वार्डों में पूरे एक माह में 4 दिसंबर तक बीएलओ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को गणना पत्रक का वितरण करेंगे। जिसे मतदाता द्वारा वांछित जानकारी भरकर बीएलओ को जमा किया जाएगा। वहीं फरवरी 2025 की मतदाता सूची का वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं मतदाता या उसके माता-पिता के नाम का मिलान कार्य किया जाएगा, जिसकी जानकारी मतदाता को गणना पत्रक में देनी है। मिलान न होने पर चाही गई जानकारी व दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। मतदाता अपनी वर्तमान की 2 फोटो व आधार कार्ड की प्रति के साथ ही प्रस्तुत कर सकते हैं।

### योग जिला बैठक आज

**भिलाई।** पतंजलि योग समिति, जिला दुर्ग के तत्वावधान में "योग शिक्षक मिलन समारोह एवं जिला कार्यकारिणी बैठक का आयोजन 9 नवम्बर को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक पतंजलि गौशाला, कोहका, भिलाई में किया गया है।

### हमर संगवारी रजत जयंती मिलन समारोह

**सेलूद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बेमेतरा के 1998–2000 बैच के विद्यार्थियों का 25 वर्ष पूर्ण होने पर "हमर संगवारी रजत जयंती मिलन समारोह का आयोजन बुधवार को मैत्री गार्डन भिलाई में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर "हमर संगवारी क्विज़", हास्य मंच" और "स्मृति संगीतमय प्रस्तुति" जैसे कार्यक्रमों ने समा बाँध दिया।सभी ने अपनी पुरानी दिनों की यादों को खुलकर साझा किया और मित्रता के रंगों में सराबोर हो गए।कार्यक्रम के दौरान स्व कुंदन बघेल व नीलम देशमुख को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई व उनके साथ बिताये हुए पलो को याद किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित पूर्व छात्रों ने कहा कि जीवन केवल पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि समाज निर्माण का पथ है।

### भारत माता की जय घोष के साथ मनाया राष्ट्र गीत उत्सव

**अंडा।** ग्राम तिरगा के गांधी चौक में राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रगीत गीत गाया गया। जय हिन्द जय भारत, वंदे मातरम्, भारत माता की जय घोष के साथ गांधी जी प्रतिमा में ज्योति प्रज्वलित कर राष्ट्र गीत उत्सव मनाया गया जिसमे ग्रामीणों ने अपने घर से दीप लाकर राष्ट्रीय गीत उत्सव मनाया। ग्राम पंचायत तिरगा भवन में सचिव ने टेलीविजन के माध्यम से राष्ट्र व्यापी देश भक्ति गीत संगीत और प्रधानमंत्री का संबोधन दिखाया और सुनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत तिरगा सरपंच घसियाराम देशमुख , उपसरपंच सूखित राम ढीमर, ग्राम पटेल बाबूलाल देशमुख थे, सेवानिवृत शिक्षक हीरालाल दिल्लीवार ने देश भक्ति जयकारों से अभिभूत कर दिया। सरपंच ने बताया यह गीत हमारे दिलो में देश भक्ति की भावना को जागृत कर भारत माता के प्रति श्रद्धा भक्ति की भावना मजबूत करता है। यह गीत धरोहर को संजोकर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर शिक्षक रघुनाथ देशमुख, सूरज देशमुख, बिरेंद्र निषाद, पंचगण चंदूलाल यादव, गोवर्धन ढीमर, कविता ऋषि, जमुना बाई निषाद, बिहान अजिविका मिशन के कार्यकर्ता ललिता देशमुख, उर्मिला देशमुख, सर्जना युवा संयुक्त युवा संगठन से घनश्याम देशमुख, डोमन लाल, दिलीप देशमुख, घनाराम, भुनेश्वरी, लता, लता देशमुख, देवकी, गोमती, ललेश, उपस्थित थे।

### महिलाओं ने मनाया आंवला नवमी

**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज नगर इकाई कुम्हारी ने आंवला नवमी बड़े ही धूमधाम के साथ स्थानीय कुर्मी भवन में मनाई। महिलाओं ने आंवला वृक्ष में कच्चा सूत बांधकर विधिवत पूजा अर्चना कर वृक्ष की परिक्रमा की। सभी ने वृक्ष के नीचे सपरिवार भोजन का आनंद लिया। मुख्य अतिथि नगर महिला अध्यक्ष योगिता वर्मा ने आंवला नवमी महत्व बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भुनेश्वरी बघेल, बीना बंछोर, गोंदा वर्मा, सविता बिजौरा, आजुराम वर्मा एवं गोविंद बघेल उपस्थित थे।

---

**आयोजन : विलक्षण दार्शनिक प्रवचन में स्वामी युगल शरण ने किया जीव, आत्मा और भगवान के संबंध का विश्लेषण**

# आनंद इंद्रियों का नहीं, आत्मा का विषय है: स्वामी शरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 20 दिवसीय विलक्षण दार्शनिक धारावाहिक प्रवचन श्रृंखला के तृतीय दिवस स्वामी युगल शरण का स्वागत माल्यार्पण और पुष्पगुच्छ के माध्यम से किया गया तत्पश्चात स्वामी अपनी अद्वितीय शैली में हमारी आस्तिकता की पोल खोलते हुए प्रमाणित किया कि प्रत्येक जीव नास्तिक है और बताया।

जीव के प्रतिपल आनंद चाहने पर भी अभी तक आनंद नहीं मिला क्योंकि उसने गलत दिशा पकड़ ली। जीवात्मा ने अपने आपको भुला दिया कि मैं कौन हूँ? मैं आत्मा हूँ, यह हम भूल गये। हमने अपने आपको देह मान लिया। जब हमने अपने आपको देह माना, तो फिर देह को ही सुख देने का लक्ष्य बना लिया। आनंद इद्रियों का विषय नहीं है, वह आत्मा का विषय है। देह को सामान देने से आत्मा को सुख या आनंद नहीं मिलता। भगवान का तीन प्रमुख शक्तिया स्वरूप शक्ति, जीव शक्ति, माया शक्तिँ हैं। जीव भगवान का जीवशक्ति विशिष्ट ब्रह्म श्रीकृष्ण का अंश है। शक्ति होने के कारण उसको अंश कहा जाता है।

प्रत्येक जीव आनंद चाहता है और आनंद भगवान की पर्यायवाची है। इसलिए प्रत्येक जीव आस्तिक है। अनंत कोटि कल्प तक प्रयत्न करने पर भी कोई आस्तिक नहीं हो सकता। विश्व का प्रत्येक जीव नास्तिक है। भगवान को बिना जाने, सूक्ष्म रूप से अनुभव किए बिना कोई अनजाने में ही किसी को प्यार नहीं कर सकता, भगवान को पुकार नहीं सकता। जब हम भगवान को जानेंगे। तभी मानेंगे न तभी प्यार होगा, तभी विश्वास होगा। चूँकि हमने अभी तक भगवान को जाना ही नहीं है, हमारी माया निवृत्ति नहीं हुई हैं इसलिए हम सब नास्तिक हैं। जिसको राम मीठे लगेंगे, जिसने राम रस पग लिया, फिर उसको अन्य रस फीका लगेगा। राम रस चखने के पश्चात फिर अन्य रसों में रुचि हो नहीं सकती। अभी तो हमारी अन्य रसों में रुचि है। अभी राम रस कहाँ अच्छा लगता है ? अब तो संसार का रस अच्छे लगते हैं। भगवान का रस कहाँ अच्छा लगता है, शवयात्र के समय राम नाम सत्य हैं बोलते हैं, लेकिन वापस आते समय इसको बोलना लोग अशुभ–अमंगल मानते हैं। यह क्या आस्तिकता है, ये तो अक्षरशः सही बात है कि राम का नाम सत्य है। फिर इसको बोलना अमंगलकारी बात कैसे हो गई ? क्या आश्चर्य की बात है, बैकुण्ठ देने वाले तो राम नाम है, फिर उनका नाम अमंगल कैसे हो गया, यह अपने राम के प्रति हमारी आस्तिकता है।



### भगवान का क्या अर्थ है

*जो षड़ ऐश्वर्यों से युक्त हैं, वे भगवान हैं उनके पास 8 गुण अपहतपाप्मा, विजरो, विमृत्यु, विशोक, विजिधत्सो, पिपास, सत्यकाम, सत्यसंकल्प हैं। हम भगवान को पुकारते हैं, वह सुनते हैं लेकिन वह जब हमको पुकारते हैं, हम सुन नहीं पाते। भगवान सबको नित्य पुकार रहे हैं लेकिन बहिर्मुखता के करण तथा हमारे अंदर जन्म–जन्मान्तर के पाप की धूल जमा होने के कारण हमें भगवान का आवाहन, भगवान की पुकार, भगवान का दिव्य स्वर सुनाई नहीं देता। हमें तो संसारियों की पुकार सुनाई पड़ती है, ऐसे में हम भगवान की पुकार कैसे सुन सकते हैं।*



### भगवान भाव के वश में है

भगवान भाव ही ग्रहण करते हैं। हम जब भोग लगाते हैं, क्या भाव के साथ भोग लगाते हैं? हम तो कोई भाव नहीं बनाते। यह हमारी भगवान के प्रति आस्था है। यह है हमारी आस्तिकता। भगवान सर्वव्यापक है। रामायण कहता है प्रभु व्यापक सर्वत्र समाना हम अवश्य बोलते हैं कि भगवान सर्वत्र हैं। पर क्या हम इसे सदा अनुभव भी करते हैं, जब हम गलत काम करते हैं, तो क्या हम सोचते हैं कि भगवान तो सर्वत्र विद्यमान हैं, भगवान तो है यहाँ, क्या हम यह मानते हैं? इसके विपरीत हम क्या सोचते हैं? हम जो गलती कर रहे हैं, कोई नहीं जान पाएगा। यहाँ तो कोई नहीं है।

### भगवान से प्रेम कब होगा

भगवान को जानेंगे, मानेंगे तब विश्वास होगा। विश्वास होने से प्रेम होगा। विश्वास की उत्पत्ति के लिए भगवान को जानना ही पड़ेगा। लेकिन वेद कहता है कि कोई भी उसको नहीं जान सकता। फिर वेद ही कहता है तमेव विदित्वाति मृत्युमेति अर्थात जल्दी इसी मनुष्य शरीर में भगवान को जान लो, मानव देह छिन जाएगा तो पछताओगे। संसार में सामान एकत्रित करने में जो चार–सो–बीसी करता है, उसको दंड मिलता है, ऐसे ही ईश्वरीय क्षेत्र में भी होता है। इस विषय में हम कभी नहीं सोचते। आध्यात्मिक क्षेत्र में भी केवल क्रिया करेंगे और आत्मा के लिए कमाई नहीं करेंगे तो दंड मिलेगा, जैसे संसार में भगवान का कितना स्मरण किया है, हमने कितना विह्वल होकर उनको पुकारा है, उनसे कितना प्यार किया है, बस यही हमारी कमाई है यही हमारे साथ जाएगा। तो भगवान को इसी शरीर में जानना है लेकिन वेद कहता है कि कोई भगवान को नहीं जान सकता। भगवान को हम अपनी बुद्धि से नहीं जान सकते। इसका कारण वेद कहता है भगवान या ईश्वर सर्वथा अष्ट, अव्यवहार्य, अलक्षण, अव्यपदेश्य, अचिन्त्य है। उसको कोई नहीं जान सकता। यदि हम वो हम अवश्य जान सकते हैं। अब प्रश्न है कि उनको कैसे जानेंगे।

---

# पंच परिवर्तन व संप्तशक्ति संगम पर हुई कार्यशाला

**जामगांव आर।** पंच परिवर्तन एवं संप्तशक्ति संगम की योजना का लक्ष्य प्राप्त करने में सरस्वती शिशु मंदिर की महती भूमिका पर कार्यशाला का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर एवं बटरेल में किया गया। मुख्यवक्ता सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के दुर्ग संभाग प्रभारी डॉ राघवेंद्र नाथ मिश्रा थे। वहीं दुर्ग विभाग समन्वयक हरिश्चंद साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के आचार्य दीदी समिति पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में पंच परिवर्तन के पांच बिंदु पर्यावरण ,स्वदेशी,कुटुंब प्रबोधन,नागरिक कर्तव्य और सामाजिक समरसता और साथ में संप्तशक्ति संगम के सात बिंदु क्षमा कीर्ति बुद्धि लक्ष्मी वाणी स्मृति धैर्यशीलता पर चर्चा व्याख्यान का फोकस रहा। जामगांव आर कार्यशाला में समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू व्यवस्थापक आसकरण जैन प्राचार्य पीएल बारले पवन बंछोर हाथेश्वर साहू परमानंद टंडन प्रीति साहू सुनीता सेन दीपिका साहू शशि यदु डॉमिन साहू कविता साव ने भाग लिया। संस्थान के दुर्ग संभाग प्रभारी डॉ राघवेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि संतान को विरासत में संस्कार और उज्ज्वल भविष्य देने के लिए पर्यावरण स्वच्छता का उपहार अवश्य दे। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से समाज के द्वारा समाज के लिए काम करते हुए संस्कारित शिक्षा से समाज देश को वैभव शाली बनाने में महती भूमिका निभाना सरस्वती शिशु मंदिर का उद्देश्य है।

# धमधा अस्पताल परिसर में नाली जाम बदबू और मच्छरों से मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



धमधा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में नालियाँ कई दिनों से जाम पड़ी हुई हैं। प्लास्टिक झिल्ली, डिस्पोज़ल और अन्य कचरों से भरी इन नालियों से तेज़ बदबू उठ रही है, जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों और परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, अस्पताल की सफाई पिछले कई हफ्तों से नहीं की गई है। नालियों में जमा गंदगी से मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यहां की स्थिति इतनी खराब है कि बदबू से लोगों को उल्टी तक होने लगी है। वहीं नगर पंचायत धमधा की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। एक ओर नगर पंचायत अधिकारी और कुछ जनप्रतिनिधि नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर बेहतर व्यवस्था का ढोल पीट रहे हैं, तो दूसरी ओर अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर गंदगी फैली हुई है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन लाल यादव, जो वर्तमान में जीवन दीप समिति के सदस्य हैं, ने इस स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि "जहां लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा होनी चाहिए, वहीं बीमारी फैलाने वाली स्थिति उत्पन्न हो रही है।" यादव ने पूर्व में भी सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पंचायत अधिकारियों की लापरवाही पर आपत्ति जताई थी और कलेक्टर को शिकायत की थी। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल सफाई करवाई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि अस्पताल आने वाले मरीजों और आसपास के नागरिकों को राहत मिल सके।

# विधायक निषाद से नरेंद्र साहू ने की सौजन्य भेंट

**बालोद/कलंगपुर।** छत्तीसगढ़ कैशलेश चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ के जिला संयोजक नरेंद्र साहू के द्वारा गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद से सौजन्य भेंट कर कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति में होने वाली परेशानियों से अवगत कराया।



कर्मचारियो ने कहा कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया अत्यंत जटिल है, कर्मचारियों को गंभीर बीमारी की स्थिति पहले अपने से व्यय करना पड़ता है फिर महीनों बाद प्रतिपूर्ति प्राप्त होती है, इससे कर्मचारियों को मानसिक, शारीरिक आर्थिक रूप से परेशान होना पड़ता हैं, चिकित्सा कर्मचारियों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए विधायक द्वारा इस बात को तुरंत संज्ञान में लेते हुए अपना समर्थन पत्र स्वास्थ्य मंत्री के नाम से जारी किए।

# दो पक्षों में गाली गलौज व मारपीट मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धान कटाई को लेकर दो पक्षों मे गाली गलौज व मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसके बाद दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम रजोली थाना रनचिरई निवासी वागिश कुमार बघेल पिता राम दयाल बघेल 23 वर्ष ने पुलिस को बताया कि गुण्डरदेही में मां दंतेश्वरी ट्रेडर्स में मुंशी का काम करता हूं, मेरे पिताजी राम दयाल बघेल के हिस्से में डेढ एकड कृषि भूमि है उसे हम लोग इस साल धान फसल बोये थे, मेरे दादा गंधारी राम बघेल के भाई कार्तिक राम बघेल का बेटा रवि शंकर बघेल, खेम लाल बघेल, तुलसी राम बघेल और भोजराम बघेल चारों डेढ एकड कृषि भूमि को हमारी भूमि है। कहकर पूर्व में भी झगडा विवाद किये थे, 07 नवंबर को हमारे डेढ एकड खेत में धान फसल को हम लोग कटाई मिंजाई करके धान को घर लाये, रात करीबन 08:30 बजे हम लोग मैं, मेरे पापा राम दयाल बघेल, मेरी मां चित्र बाई और मेरा भाई भावेश बघेल अपने घर के पास बैठे थे, वहीं पर रवि शंकर बघेल मुझ गाली गलौज दिया तब मै रवि शंकर को गाली देने से मना किया फिर गाली देते हुए रवि शंकर अपने घर तरफ चला गया और रवि शंकर अपने भाई भोजराम बघेल को बुलाकर हमारे घर के सामने लाया फिर रवि शंकर बघेल और भोजराम बघेल दोनो मुझे गाली देने लगे उसके बाद रवि शंकर बघेल पिता कार्तिक राम बघेल 28 वर्ष, भोजराम बघेल पिता कार्तिक राम बघेल 27 वर्ष, तुलसी राम बघेल पिता कार्तिक राम बघेल 30 वर्ष और खेमलाल बघेल पिता कार्तिक राम बघेल 32 वर्ष ग्राम रजोली के लाठी डण्डा लेकर मेरे घर के सामने आये और रवि शंकर बघेल मेरी मां चित्र बाई को हाथ मुक्का एवं बांस के डण्डा से मारपीट करने लगा तब मैं, मेरा भाई भावेश और मेरे पापा राम दयाल बघेल बीच बचाव करने गये तो रवि शंकर बघेल, भोजराम बघेल, तुलसी राम बघेल और खेमलाल बघेल चारों मिलकर हम लोगों को गाली गलौज देकर हाथ मुक्का एवं बांस के डण्डा से मारपीट किये और जान से मारने की धमकी दिये, मारपीट करने से मेरी मां के सिर एवं बांया हाथ में कोहनी के पास, मेरे पापा के पेट में, मेरे भाई के दोनो पैर में घुटने के पास और मुझे दाहिने पैर के घुटना में, बांये हाथ के भुजा व बांये गाल में चोट लगी है, दर्द हो रहा है। पीड़ित की रिपोर्ट पर चार लोगो के खिलाफ पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



■ कृषि भूमि को लेकर हुआ दोनों पक्षों में हुआ विवाद

ग्राम रजोली थाना रनचिरई निवासी रवि शंकर बघेल पिता कार्तिक राम बघेल 30 वर्ष ने पुलिस को बताया कि भिलाई में कानू जगत के टेंट हाऊस में मैनेजमेंट का काम करता हूं, लगभग 08 साल से भिलाई में रहता हूं, ग्राम रजोली अपने घर भी आता जाता रहता हूं, 07 नवंबर को शाम लगभग 05:30 बजे मैं भिलाई से अपने घर रजोली आया था, रात को तालाब के पास अपने दोस्तों के साथ तालाब पार में बैठा था, रात को लगभग 08:20 बजे खाना खाने के लिये राम दयाल बघेल के घर के सामने गली तरफ से अपने घर जा रहा था तब राम दयाल बघेल, उसकी पत्नी चित्र बघेल जो मेरे बडे पिताजी के बहु बेटे हैं रिस्ते में मेरे भैया भाभी लगते हैं और उनके बेटे वागिश बघेल और भावेश बघेल बैठे थे और गांव का डामन सिन्हा भी वहां उनके साथ बैठकर बातचीत कर रहा था, फिर मैं अपने घर के पास पहूंचा वहां पर गढ्ढा है उसे देखते रूका था, राम दयाल बघेल का घर और हमारा घर पास पास ही है, तब लगभग 08:30 बजे वागिश बघेल पिता राम दयाल बघेल 23 वर्ष और भावेश बघेल पिता राम दयाल बघेल 25 वर्ष ग्राम रजोली मुझे देखकर गालियां देकर अपने घर के पास के मिट्टी के ढेले को फेंककर मारने लगे फिर मैं मुझे क्यों गाली गलौज कर मार रहे हो कहकर वागिश बघेल के घर के पास गया तब वागिश बघेल और भावेश बघेल दोनो मुझे हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे फिर झगडा मारपीट देखकर मेरा छोटा भाई भोजराम बघेल बीच बचाव करने आया तो उसे भी मारपीट किये और हम दोनो को जान से मारने की धमकी दिये, लगभग 10 मिनट बाद सरपंच त्रयोदय मुकेश, पंच जासू चन्द्राकर जैतखंभ के पास आये थे तभी भावेश बघेल लोहे का राड और डण्डा और वागिश बघेल दोनो हाथ में लकडी का डण्डा लेकर दोनो हमारे घर के पास जैतखंभ है वहां आकर भावेश ने राड से मुझे मारपीट किया मैं रोका तो मेरे बांये हाथ में चोट लगी है, फिर मैं भागने लगा, बीच बचाव करने मेरा बडा भाई खेमलाल बघेल, छोटा भाई भोजराम बघेल और भाभी नंदिनी बघेल पति खेमलाल बघेल आये तो उन्हे भी दौडा दौडा कर भावेश बघेल और वागिश बघेल ने लोहे के राड और डण्डे से उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिये। मारपीट से मेरे दोनो हाथ में चोट लगी है, बडे भाई खेमलाल बघेल के सिर में भावेश ने डण्डे से मारपीट किया तब भाभी नंदिनी बीच बचाव की तो उसे भी गाली गलौज कर डण्डे से भावेश ने मारा है, मारपीट से खेमलाल के सिर में सामने तरफ और दाहिने हाथ के पंजे में ऊपर, भाभी नंदिनी बघेल के दाहिने हाथ में चोट लगी है, फिर भावेश और वागिश दोनो मिलकर भोजराम के सिर में लोहे के राड और लकडी के डण्डे से मारपीट किये है, मारपीट से भोजराम बघेल के सिर में बांये तरफ और बांये हाथ में चोट लगी है खून निकल रहा है, दर्द हो रहा है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पेज 11 के शेष

### शिक्षा समाज और...

संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, नगर पंचायत डौंडीलोहारा के अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, नगर पालिका परिषद बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव, छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों के अलावा दुर्ग रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा एवं एडिशनल एसपी मोनिका ठाकुर सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में मरार समाज के प्रतिनिधि एवं समाज के लोगों एवं आम नागरिक गण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कोसरिया मरार समाज द्वारा आयोजित युवक, युवती परिचय सम्मेलन एवं शाकंभरी महोत्सव को समाज का महत्वपूर्ण दिवस बताते हुए आयोजन का मुक्तकंठ से सराहना की। साय ने सामाजिक सम्मेलनों की महत्व एवं प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन समाज के मजबूती के अलावा स्वजातीय जनों के साथ मेल–मिलाप करने का भी बेहतर माध्यम होता है। इसके अलावा उन्होंने कोसरिया मरार समाज द्वारा आज आयोजित सामूहिक विवाह के नेक कार्य की भूरी–भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का सामूहिक विवाह का आयोजन फिजूल खर्च को रोकने के अलावा समाज के कमजोर तबके के लोगों को संबल प्रदान करने का भी महत्वपूर्ण माध्यम बनता है। साय ने समाज व राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों को अपने बच्चों को समुचित शिक्षा–दीक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित मे चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारे सरकार के द्वारा अन्नदाता किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रति क्विंटल 3100 रूपये की दर पर समर्थन मूल्य में धान खरीदी करने का जनहितैषी कार्य कर रही है। इसके अलावा हमारे सरकार द्वारा किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य में सिंचाई के रकबा को भी वृद्धि करने का कार्य किया गया है। राज्य के किसानों के खेतों में समुचित मात्र में पानी पहुँचाने हेतु सिंचाई जलाशयों के मरम्मत के लिए 2800 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा हमारे सरकार के द्वारा पशुपालन को बढ़ावा देने के साथ–साथ राज्य में दलहन, तिलहन फसलों के उत्पादन में वृद्धि करने हेतु भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय द्वारा कोसरिया मरार समाज द्वारा प्रकाशित युवक, युवति परिचय माला पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इसके अलावा उन्होंने आज आयोजित शांकभरी महोत्सव के दौरान सामूहिक विवाह के अंतर्गत संपन्न कराए गए विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बंधने वाले नव दंपत्तियों को आशीर्वाद प्रदान कर उन्हें खुशहाल दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। समारोह का स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए समाज के प्रमुख मांगों की ओर मुख्यमंत्री साय का ध्यान आकर्षित किए। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज के प्रांतीय संयोजक राजेन्द्र पटेल के द्वारा किया गया।

### प्रतिबंध के बावजूद...

देकर पॉलिथीन का उपयोग कर रहे हैं, जिससे साफ-सफाई की व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। नगरपालिका और खाद्य विभाग द्वारा समय-समय पर निरीक्षण और जागरूकता अभियान चलाने की बात कही जाती है, लेकिन धरातल पर इसकी सख्ती नजर नहीं आती। इस वजह से व्यापारियों में कार्रवाई का कोई डर नहीं है और वे नियमों की अनदेखी करते हुए बेखौफ पॉलिथीन का उपयोग कर रहे हैं। दल्लीराजहरा नगरपालिका मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन पॉलिथीन पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के लिए अभियान चलाने जा रहा है। जल्द ही विशेष दल बनाकर दुकानों का निरीक्षण किया जाएगा और उल्लंघन पाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाना है, जिसमें नागरिकों की भागीदारी भी जरूरी है।

### छग महतारी की...

रोशन साहू, नरेश निषाद, सचिव कुलदीप साहू, महामंत्री लवण निषाद, ग्रामीण मंत्री कीर्तिनंद निषाद, सदस्यता प्रभारी ख़ोमेश साहू, सह सदस्यता प्रभारी बीरू ठाकुर, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ग्रामीण संयोजक जितेंद्र साहू, सह संयोजक बल्ला साहू, जिला अध्यक्ष जेसीपी चंद्रभान साहू, खड़ अध्यक्ष सीकेएस सुभाष साहू, खंड अध्यक्ष जेसीपी गंगा निषाद, ग्रामीण पटेल हीरापुर संतराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष हीरापुर परमानंद साहू, सरपंच दानेश्वरी साहू, उपसरपंच यतीश साहू, नरेंद्र साहू, युवा खंड अध्यक्ष भूपेश भारद्वाज, ओमप्रकाश साहू पंच, कोमल साहू, किरण ठाकुर, हेमंत साहू, सालिक राम साहू, ईश्वर साहू, अनादि साहू, अध्यक्ष धमतरी सीकेएस डोमेश्वर साहू उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## दुर्ग-हरिद्वार- दुर्ग के बीच 2-2 फेरे, चार ट्रिप के लिए स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**भिलाई।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की विशेष सुविधा तथा उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुनिश्चित करने स्पेशल गाड़ी 08743/ 08744 दुर्ग-हरिद्वार-दुर्ग के मध्य दो-दो फेरे के लिये चलाई जा रही है। यह गाड़ी दुर्ग से 08743 नंम्बर के साथ 9 व 16 नवम्बर को तथा हरिद्वार से 08744 नम्बर के साथ 10 एवं 17 नवम्बर को चलेगी। इस गाड़ी में सभी श्रेणी में पर्याप्त संख्या में सीटें उपलब्ध है। यात्री अपनी सुविधा अनुसार आरक्षण कर आरक्षित सीट का लाभ उठा सकते हैं। गाड़ी संख्या 08743 दुर्ग से 11 बजे रवाना होकर रायपुर 11.36 बजे, भाटापारा 12.28 बजे, उसलापुर 13.45 बजे, पेंड्रा रोड 15.13 बजे, कटनी मुड़वारा 19.20 बजे, अगले दिन 7.05 बजे आगरा कैंट होते हुए 11.10 बजे निजामुद्दीन स्टेशन और 15.40 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08744 हरिद्वार से रात 9 बजे रवाना होकर 2:15 बजे हजरत निजामुद्दीन, 5 बजे आगरा कैंट, शाम 5.35 बजे कटनी मुड़वारा जंक्शन, रात 9.10 बजे पेंड्रा रोड, रात 11.40 बजे उसलापुर होते हुए अगले दिन 00.40 बजे भाटापारा 1.40 बजे रायपुर 3:00 बजे दुर्ग पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी , 7 सामान्य, 8 स्लीपर, 1 एसी-थ्री सह एसी टू सहित कुल 18 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी ।

## साहू समाज परिक्षेत्र की कार्यकारिणी घोषित

**सेलूद।** तहसील साहू संघ पाटन अंतर्गत परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशन हिरवानी ने अपने निर्वाचन के बाद संगठन की नई कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों की घोषणा की है। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष संतोष साहू (चीचा), ललिता साहू (देमार),संगठन सचिवः अर्जुन साहू (बेन्दरी), दामिनी साहू (अरसनारा) मनोनीत पदाधिकारीगण,सचिव गोपेश साहू (पतोरा),कोषाध्यक्ष लालजी साहू (छाटा),मीडिया प्रभारी बलराम साहू (देवादा), तहसील प्रतिनिधिसालिक शत्रुघ्न साहू (देमार),सहसचिव (महिला) सरिता साहू (घुघुवा), संयोजिका (महिला प्रकोष्ठ) खेमीन साहू (सेलूद),संयोजक (युवा प्रकोष्ठ) ओमप्रकाश साहू (बठेना),प्रचार सचिव रवि साहू (बेन्दरी) और तनुजा साहू (पतोरा) शामिल हैं। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन हिरवानी ने बताया कि संगठन का उद्देश्य समाज में भाईचारा, शिक्षा और सामाजिक उत्थान की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी समाज की एकता और सेवा के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

**निधन**

## कुंवर सिंह साहू



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम भटगांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक कुंवर सिंह साहू 81 वर्षीय का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे जितेन्द्र कुमार साहू के पिता थे एवं रामजी, परमानंद व विश्वनाथ साहू के बड़े भैय्या थे।

**कार्यशाला:** भारतीय संस्कृति के महत्व को प्रायोगिक प्रक्रिया से समझाया

# विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने की कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग के अकादमिक कलेंडर मे निर्धारित शनिवार बेगलेश डे पर विद्यार्थियों के वैयक्तिक विशिष्टता जैसे संगीत, चित्रकला,गायन वादन,नृत्य कविता, मिमिक्री, भाषण, अभिव्यक्ति, मृदाकला काष्टकला, यांत्रिकी आदि को निखारने के लिए कार्यशाला आयोजित किए जाते हैं।

इसी तारतम्य में देश की सांस्कृतिक विरासत को सौंपने का चिंतन करते हुए सकारात्मक विचार के धनी शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुम्हली हेडमास्टर छन्नूलाल साहू ने आठ नवंबर शनिवार को पांच दिवसीय दिपावली महोत्सव का एकीकृत एकदिवसीय आयोजन कर भारतीय सनातन संस्कृति के वैज्ञानिक महत्व को बच्चों जीवंत रूप में प्रायोगिक ढंग से समझाया। इस पहल में ग्राम पंचायत ग्रामीणों ने स्वस्फूर्त सहभागिता अदा करते हुए कार्यक्रम को कंठ मुक्त सराहा।

### ज्ञान रूपी दीपक से अंधेरा भगाना है

चिंतनशील हेड मास्टर छन्नूलाल साहू ने बच्चों को बताया कि विकार ही अंधकार है। जिसे ज्ञान रुपी दीपक के प्रकाश नष्ट किया जा सकता है। दिपावली पर्व का दीपक हमें यही संदेश देता है। वर्षा ऋतु मे वातावरण अनेक हानिकारक कीट फफूंदों से व्यापत हो जाता है वह दिवाली मे तेल के दियों से प्रकृति शुद्ध हो जाती है। दिपावली पर्व मनाने का एक मूल कारण नए अन्न की प्राप्ति भी है किसान नई फसल पाकर ईश्वर के प्रति कृतज्ञ होकर यज्ञ करता है। यह पर्व धार्मिक के अलावा वैज्ञानिक और सामाजिक कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। इसलिए पहला दीपक अन्नागार को भेंट किए जाते हैं।

### पांच दिनों का प्रदर्शन एक दिन में मंचित

दिपावली पर्व के पहला दिन धनतेरस भगवान धन्वंतरि की पूजा किया जाता है जो मानव शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आयुर्वेद के देव माने जाते हैं। द्वितीय दिवस पर भगवान कृष्ण ने नरकासुर राक्षस का वध कर समाज को आसुरी शक्ति से सुरक्षा प्रदान किया। दिपावली भगवान राम के चौदह वर्ष वनवास खत्म कर अयोध्या वापस आने की खुशी मे सर्वत्र दीप जलाकर स्वागत किया गया। आध्यात्मिक दृष्टि से चौदह वर्ष मनुष्य के चौदह विकारों का प्रतीक है जिसे भगवान राम ने समुल नष्ट कर दिया।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम भावी विरासत की नींव है




*मिडिल प्रधान पाठक प्रभा सिंह ने कहा कि ऐसा सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों को एक संपूर्ण जिम्मेदार भावी पारिवारिक मुखिया बनाने की सीख देती है। साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों से सद्भाव, सौहार्दपूर्ण वातावरण मे जीवन यापन के लिए मार्गदर्शन करता है। बचपन की सीखी बातें जीवन के विभिन्न समयों मे अभिप्रेरित भी करते रहता है। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक अनेश्वर चंद्राकर, यशोदा नायक,हुषन चंद्राकार, सीमा चंद्राकर, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भुनेश्वरी साहू, सरपंच टिकेश्वरी ठाकुर, उपसरपंच विजय साहू, सांसद प्रतिनिधि मोगन सपहा, जीपी देशमुख, पंच निशा पटेल, मोनिका साहू, आरती साहू, पोरा डहरिया, तिहारू गहरे, पूर्व सरपंच डोमार साहू, धनेश्वर साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भुनेश्वरी साहू, जमूना चंद्राकार, शशिकला चंद्राकार, मिनेश्वरी महिपाल की सराहनीय भूमिका रही। बड़ी संख्या मे पालक और ग्रामवासियों की की उपस्थिति रही। शिक्षक हुषन चंद्राकार ने आभार व्यक्त*



### यदुवंशी वेश भूषा में दोहा लगाकर विधार्थियो ने किए जय जोहार

साहू ने सांस्कृतिक छटाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गोवर्धन पूजा हमारे समृद्ध —षि वानिकी के संरक्षण का सीख देती है। भारतीय समाज गौवंशीय हैं। हमारे दैनिक जीवन की शुरुआत गौ माता की कृपा से होती है। भारतीय आयुर्विज्ञान का प्रमाणित तथ्य है कि सबसे संतुलित आहार गौ माता की दुध हैं इसलिए इसे अमृत की संज्ञा दी गई है। आज के वैज्ञानिक पीढ़ियों को बहुत संजीदगी से स्वीकार करना होगा कि गौ संस्कृति के बिना हमारा जीवन सुरक्षित नहीं है। विद्यालय के शिक्षक और छात्रें ने प्रतीकात्मक गोवर्धन पर्वत की पूजा कर गौमाता को सुस्वादु खिचड़ी खिलाए और सोहई माला पहनाकर कर गऊ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। उपस्थित गांव के यदुवंशी माताओं ने भी मातर मे दोहा पारकर आनंद विभोर हो गई।छात्रें ने यदुवंशी वेषभूषा मे दोहा,कवित्त के उद्घोष के साथ जमकर काछन चढ़े पूरा परिसर और वातावरण गोकुल, वृंदावन जैसे कृष्ण गोपाल के अठखेलियों से हर्षोल्लास से भर गया।

### छात्र छात्रओं ने निभाए भाई दूज की जीवंत रस्मे

विद्यालय मे अलग कक्षाओं मे अध्ययन रत भाई बहनों ने भाई दूज पर्व को जींवत कर दिया जब बहनों ने अपने भाईयों के कलाई पर ब्रम्हसुत्र बांधकर, भाई बहन के पवित्र रिश्तों को मजबूत करने का संकल्प लिया। भाईयों ने बहन के हिस्से का प्यार दुलार रुपए पैसे के रूप मे सगुण भेंट कर बहन के प्रति कर्तव्य पालन का संदेश दिया।

# राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जिपं अध्यक्ष ने बच्चों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

8 नवंबर से 11 नवंबर तक आयोजित 4 दिवसीय 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर पहुंची तथा जीवन मे खेलो के महत्व के बारे में जानकारी दी। तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने कहा उन्होंने कहा कि व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलों में भागीदारी सबसे बेहरतीन माध्यम है। खेल में हार, जीत कोई मायने नही रखता। उन्होंने कहा कि हमें खेल एवं अपने जीवन में हार को भी स्वीकार करना सीखना चाहिए तथा आत्ममंथन कर हार से सीखते हुए आगे बढ़ना चाहिए।



इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर रानी माई मंदिर सेवा समिति नर्रा में टीना शेड भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।

# बीजेपी की मंडल स्तरीय हुई कार्यशाला बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

बीजेपी प्रदेश एवं जिला निर्देशानुसार भाजपा मंडल मिरऍटोला पुरूर की मंडल स्तरीय कार्यशाला बैठक पंडित दिनदयाल उपाध्याय, भारत माता एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर प्रभारी जनार्दन सिन्हा, सभापति तेज राम साहू, एमआर राजपूरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष यादव राम साहू, मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय, महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप साहू में सम्पन्न हुआ।





जहां मंडल स्तरीय कार्यशाला में जनार्दन सिन्हा ने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण के विषय पर विस्तृत जानकारी एवं एमआर. राजपूरिया द्वारा वन्देमातरम् राष्ट्रीय गीत 150 वीं वर्षगांठ के प्रमुख विषयों पर कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष होमशंकर साहू, महेत्तर नेताम, उपाध्यक्ष डोमेशवरी साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरूर हेमन्त साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरूर संध्या साहू, संतोषी साहू, भाजपा नेता गण संजय साहू, अजेन्द्र साहू, कमल देव साहू, कुमारी बाई, आरती साहू, रेणुका गजेन्द्र, दिनेश्वरी सिन्हा, सुरेन्द्र तिवारी, गंगा टंडन, राजेन्द्र साहू, ईश्वर साहू, छगन लाल साहू, धन्नूलाल टंडन, जागेश्वर साहू, बाबू लाल सिन्हा, नरसिंह घोरमार, केजू राम साहू, धर्मेन्द्र साहू,गोकुल ठाकुर, देवानंद साहू, झालेन्द्र सिन्हा, अजय साहू, पोखन साहू, हर्ष साहू, तेज राम साहू, बूथ अध्यक्ष गण एवं सहित कार्यकर्ता बंधु गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय तबला वादन स्पर्धा में खिलेश्वर प्रथम

**अंडा।** शिक्षा महाविद्यालय द्वारा शंकर नगर, रायपुर में 29 अक्टूबर को आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय तबला वादन प्रतियोगिता में धनोरा, दुर्ग के श्री खिलेश्वर (चिन्टू) साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर अब उनका राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। खिलेश्वर साहू की इस उपलब्धि पर परिवारजनों, मित्रों एवं ग्रामवासियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक लक्ष्मण बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि खिलेश्वर साहू बचपन से ही एक होनहार और प्रतिभाशाली बालक रहा है। उसने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। गांव में इस सफलता से हर्ष का माहौल है और सभी उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं।



# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस प्रतियोगिता में डोमेश ठाकुर टॉप-200 में शामिल

**जामगांव आर।** भारत सरकार द्वारा माई जीओवी प्लेटफार्म पर नेशनल स्पेस डे 2025 पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डोमेश ठाकुर ने टॉप 200 में अपना स्थान बनाया।



भारत सरकार ने प्रतिभा प्रोत्साहन सम्मान स्वरूप छात्र डोमेश ठाकुर को इसरो भ्रमण कराने आमंत्रण भेजा है। इस खास उपलब्धि के लिए एमडीसी अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, प्राचार्य एसके ठाकुर सहित सभी गुरुजनो ने हर्ष व्यक्त किया।

# तहसील साहू संघ के लालेश्वर साहू बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

दुर्ग जिला साहू संघ अंतर्गत तहसील साहू संघ पाटन का त्रिवार्षिक आम चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें 98 इकाई के 1314 मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। जिसमें तहसील साहू संघ पाटन के अध्यक्ष पद पर लालेश्वर साहू ,उपाध्यक्ष महिला के पद पर विमला साहू निर्वाचित हुए, उपाध्यक्ष पुरुष के पद पर दुलेश्वर साहू विजयी हुए , संगठन सचिव पुरुष के पद पर सुरेन्द्र साहू विजयी रहे और संगठन सचिव महिल भुनेश्वरी साहू बने। तहसील पाटन के पदाधिकारी बनने के बाद नव निर्वाचित सामाजिक पदाधिकारियों ने भेट मुलाकात करने दूसरे दिन पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू व पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू के भिलाई निवास पहुंचे जहां पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू व पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू ने आत्मीय स्वागत करते हुए सभी पदाधिकारियों के बधाई देते हुए शाल भेंट कर शुभकामनाएं देते हुए सभी को सामाजिक समरसता के साथ बड़े मन से समाज के हित में समाज उत्थान व रचनात्मक कार्य कर सामाजिक एकता बनाते कार्य करते हुए तहसील साहू संघ पाटन नाम को ऊंचाई तक ले जाने की बात कही।

■ समाज उत्थान के कार्यों पर दिया बल

# वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रगीत का किया सामूहिक गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर भैया बहनों एवं आचार्य द्वारा सामूहिक राट्रिय गीत गायन का आयोजन किया गया।

शुभारंभ अवसर पर प्रधानाचार्य फलदेव साहू, वरिष्ठ आचार्य सूखीत कलिहारी, आचार्य कामता प्रसाद साहू, दीदी छबीलता पटेल, चितेश्वरी साहू, लिलेश्वरी साहू, रेणूका सिन्हा, रंजना सिन्हा, ईश्वरी ठाकुर द्वारा भारत माता की पूजन कर आरती किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के भैया बहनो व आचार्य बंधु भगिनियों द्वारा राट्रिय गीत वंदे मातरम् का सांगिक गीत गायन किया गया। प्रधानाचार्य फलदेव साहू ने वन्दे मातरम को देश भक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताया। बौद्धिक प्रमुख सूखीत राम कलीहारी ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का ध्येय मंत्र था। इस गीत को गाते हुए कई वीर सपूत अपने प्राणों को न्योछावर कर दिए। इस गीत को हम सभी को श्रद्धा —भाव के साथ गाना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाल भारती, शिशु भारती के पदाधिकारी एवं सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।





# बेलोदी कॉलेज में आयोजित हुआ आनंदमेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/सिकोसा

शासकीय नवीन महाविद्यालय, बेलोदी में राज्योत्सव की 25 वीं स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा आनंदमेला का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की स्थापना के पश्चात पहली बार किया गया।

इस मेला के मुख्यातिथि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य सीएल. ठाकुर थे तथा अध्यक्षता वर्तमान प्राचार्य डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार ने की। आनंदमेला में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्टाल लगाया गया था। जिसमे प्रमुख आकर्षण छत्तीसगढ़ी व्यंजन थे।

बेलोदी महाविद्यालय जनभागीदारी प्रबंधन समिति के गणमान्य सदस्य डॉ. रोहित साहू, नोहर सिंह साहू एवं अन्य, बेलोदी के स्कूलों के बच्चे तथा गणमान्य लोगों ने इसका लाभ उठाकर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस मेले में महाविद्यालय के स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने पूरी निष्ठा के साथ अपनी सहभागिता निभाई।



■ छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से सजा बेलोदी कॉलेज का आनंदमेला

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
26 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)